# कार्यालय नगर पालिक निगम, रतलाम(म0प्र0) 457001

01 कालेज रोड रतलाम दूरभाष 07412–270555
Email- commratlam@mpurban.gov.in
फैक्स नं. 07412–270556
Website- www.rmcratlam.in


क्रमांक /534/सा0प्र0/2022

दिनांक 12–4–2022

## // बैठक कार्यवाही विवरण //

दिनांक 12–4–2022 को स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 अन्तर्गत किये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, बैठक में निम्नानुसार उपस्थिति रही :–

1– श्री सुरेशचन्द्र व्यास, प्र0का0पा0 यंत्री,
2– श्री जी0के0 जायसवाल, प्र0स्वा0अधि0
3– श्री श्याम कुमार सोनी, प्र0स0यंत्री
4– श्री एम0के0 जैन, प्र0सहायक यंत्री
5– श्री एस0पी0 आचार्य, प्र0प्रकाश विभाग
6– श्री राजेश पाटीदार, उपयंत्री
7– श्री बृजेश कुशवाह, उपयंत्री
8– श्री मनीष तिवारी, उपयंत्री,
9– श्री सुहास पण्डित, उपयंत्री
10– सुश्री दिक्षा निजामपुरकर, उपयंत्री
11– श्री जगदीश पांचाल, प्र0कार्या0अधी0
12– श्री ए0पी0सिंह, जोन प्रभारी–3,
13– श्री किरण चौहान, जोन प्रभारी –1
14– श्री विनयसिंह चौहान, जोन प्रभारी –4
15– श्री पर्वत हाड़े,
16– श्री गोपाल झालिवाल, सहा0वर्ग–2
17– श्री अनिल पारा, उद्यान पर्यवेक्षक
18– श्री कोमलसिंह चौहान स0रा0नि0
19– श्री अनिल खरे, सहा0वर्ग–3
20– श्री विजय कपूर, स0रा0नि0
21– श्री प्रदीप उपाध्याय, स0रा0नि
22– श्री इलियास मन्सूरी, स0रा0नि0
23– श्री महेश व्यास, स0रा0नि
24– श्री विष्णु कुमावत स0रा0नि
25– श्री दिनेश राठौर, सहा0वर्ग–3
26– श्री चन्दरसिंह
27– श्री जितेन्द्र सिसोदिया,
28– श्री वासुदेव बैरागी
29– श्री विराट मेहरा
30– श्री सोरभ काला,
31– श्री राकेश पाण्डे,
32– श्री कुलदीप भट्ट
33– श्री मोईनुद्दीन
34– श्री राकेश शर्मा
35– श्री राहूल नागर, एच0एम0एस0 सदस्य
36– श्री शशांक पाण्डेय, एच0एम0एस0 सदस्य

बैठक में उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों के समक्ष स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के अन्तर्गत सौपे गये दायित्वों, किये जाने वाले कार्यो की समीक्षा की गई तथा इस विषय में चर्चा उपरान्त निम्नानुसार निर्देश दिये गये :–

1– समस्त उपयंत्री, जोन प्रभारी, नोडल अधिकारी एवं शाखा प्रमुख रहवासी क्षेत्र, व्यावसायिक क्षेत्र एवं गन्दी बस्ती क्षेत्र में चेक लीस्ट के मापदण्ड अनुसार निरीक्षण करें, मापदण्ड अनुसार जो कमियां पाई जावे उन्हे संबंधित अधिकारी को तत्काल अवगत कराते हुए पूर्ति कराया जाना सुनिश्चित करें, जी0एफ0सी0 एवं ओ0डी0एफ0 ++ हेतु नियत चेक लिस्ट के हर बिन्दु पर कार्यवाही करें, ब्यूटिफिकेशन के पाईन्ट शेष हो तो तत्काल करवाये जावे ।

(कार्यवाही–श्री सुरेश व्यास, श्री मो0 हनीफ शेख, कार्यपालन यंत्री, श्री जी0के0 जायसवाल, प्र0स्वास्थ्य अधिकारी, श्री एस0पी0 आचार्य, प्र0प्रकाश विभाग, चारो जोन प्रभारी, नोडल अधिकारी, वार्ड प्रभारी तथा समस्त संबंधित अन्य अधिकारी/कर्मचारी)

Scanned with CamScanner

2— समस्त उपयंत्री, नोडल अधिकारी, जोन प्रभारी अपने—अपने क्षेत्र के सी0टी0/पी0टी, मेरीज गार्डन, बी0डब्ल्यू0जी0, स्कूल, शासकीय कार्यालय आदि का निरीक्षण करे, सर्वे के मापदण्ड अनुसार जो कमियां है, देखे छोटे—छाटे कार्य की तत्काल पूर्ति करावे, अन्य कमियो को आगामी 3 दिनों मे पूरी कराई जाना सुनिश्चित करें, समस्त संबंधित शाखा प्रमुख मानिटरींग करें, कमियों को एस0बी0एम0 सेल में श्री वासुदेव बैरागी को नोट भी करावे ।

(कार्यवाही समस्त शाखा प्रमुख, समस्त उपयंत्री, जोन प्रभारी, नोडल अधिकारी, श्री वासुदेव बैरागी, एस0बी0एम0 एवं एच0एम0एस0टीम)

3— जिन क्षेत्रों में कचरा संग्रहण वाहन नहीं पहूँच पाते है तथा हाथ गाड़ी से कचरा संग्रहित किया जाता है, उन गाड़ी में गीला एवं सूखा कचरा प्रथक—पृथक संग्रहित किये जाने हेतु पार्टीशन लगाया जावे, उक्त कार्य श्री सुहास पण्डित, उपयंत्री द्वारा दिनांक 13—4—2022 को किया जावे । किसी भी स्थिति में मिक्स कचरा संग्रहित एवं अनलोड नहीं किया जावे, 100 प्रतिशत सेग्रीगेटेट एवं प्रत्येक घर से कचरा संग्रहित हो, इससे सड़को, नाले,नालियों में कचरा नहीं मिलेगा तथा सफाई रहेगी ।

(कार्यवाही प्र0स्वास्थ्य अधिकारी, श्री सुहास पण्डित, उपयंत्री,चारो जोन प्रभारी, नोडल अधिकारी एवं वार्ड प्रभारी)

4— शहर की समस्त सड़के, नाले, नालियो साफ हो, कचरा नहीं मिले, खुले में शौच/पेशाब करने वालो पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जावे, निरीक्षण के दौरान ऐसा पाये जाने पर संबंधित जोन प्रभारी, नोडल अधिकारी एवं वार्ड प्रभारी तथा शाखा प्रमुख के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जावेगी ।

(कार्यवाही प्र0स्वास्थ्य अधिकारी, चारो जोन प्रभारी, नोडल अधिकारी एवं वार्ड प्रभारी)

5— समस्त अधिकारी/कर्मचारी अपने—अपने क्षेत्र में किये गये तथा किये जाने वाले समस्त कार्यो की जानकारी तथा पालन प्रतिवेदन के साथ 13—4—2022 की बैठक में उपस्थित रहेगें, कमियां पाई जाने पर समस्त उपयंत्री, नोडल अधिकारी, जोन प्रभारी एवं शाखा प्रमुख जवाबदार रहेगे तथा अनुशासनिक कार्यवाही की जावेगी ।

(कार्यवाही—श्री सुरेश व्यास, श्री मो0 हनीफ शेख, कार्यपालन यंत्री, श्री जी0के0 जायसवाल, प्र0स्वास्थ्य अधिकारी, श्री एस0पी0 आचार्य, प्र0प्रकाश विभाग, चारो जोन प्रभारी, नोडल अधिकारी, वार्ड प्रभारी तथा समस्त संबंधित अन्य अधिकारी/कर्मचारी)

स्वच्छ सर्वेक्षण कार्य समस्त अधिकारी/कर्मचारियों की सामुहिक जिम्मेदारी है, जो कमियां दिखे उसे पूरी करावें, नियमित रूप से की जा रही समीक्षा बैठक के अन्य बिन्दुओ पर समस्त संबंधित अधिकारी/कर्मचारी अपने—अपने दायित्वों का पूरी क्षमता से निर्वहन करें, समीक्षा के दौरान दिये गये अन्य निर्देशों को ध्यान से सुने, नोट कर पालन करना सुनिश्चित करें ।

कार्यवाही विवरण नगर निगम की वेब साईट पर उपलब्ध है ।

(सोमनाथ झारिया)
आयुक्त
नगर पालिक निगम,रतलाम
दिनांक 12—4—2022

पृ0क्र0/534/सा0प्र0/2022
प्रतिलिपि :—

1— कलेक्टर एवं प्रशासक महोदय, नगरपालिक निगम, रतलाम की ओर सुचनार्थ ।
2— सर्व संबंधित श्री ——————————————नगरपालिक निगम, रतलाम की ओर पालनार्थ प्रेषित ।

12/4/22
आयुक्त,
नगरपालिक निगम, रतलाम

Scanned with CamScanner